Jagran.com
Delhi | Date: 25th November, 2019

Fit India Week: दिसंबर में स्कूलों मे मनाया जाएगा 'फिट इंडिया सप्ताह', छात्रों के साथ पेरेंट्स भी हो सकेंगे शामिल

Fit India Week में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्विज लेख चित्रकारी निबंध स्थानीय खेल नृत्य योगासन और खेलकूद जैसी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।

Fit India Week: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के लिए स्कूलों के लिए 'फिट इंडिया स्कूल ग्रेडिंग सिस्टम' (Fit India School Grading System) लांच किया है। इस सिस्टम के तहत स्कूलों को तीन स्तर पर रैंकिंग की जाएगी और स्कूलों को फिट इंडिया थ्री स्टार रेटिंग (Fit India Three Star Rating) और फिट इंडिया फाइव स्टार रेटिंग (Fit India Five Star Rating) दी जाएगी। पीएम मोदी ने अपने 'मन की बात' (Mann Ki Baat) कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की है।

कई प्रतियागिताओं का होगा आयोजन

उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने में स्कूलों मे फिट इंडिया सप्ताह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी स्कूलों को जागरूकता बढ़ाने और फिट इंडिया को जनआंदोलन बनाने के लिए इसमें शामिल होने को कहा है। फिट इंडिया कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्विज, लेख, चित्रकारी, निबंध, स्थानीय खेल, नृत्य, योगासन और खेलकूद जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

माता-पित भी हो सकेंगे शामिल

उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के साथ शिक्षक और माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। पीएम ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ध्यान करने आदत बढ़ानी है। मैं देश के सभी राज्यों के स्कूल बोर्ड और प्रबंधन से हर स्कूल में दिसंबर में फिट इंडिया सप्ताह मनाने की अपील करता हूं। ताकि फिटनेस की आदत हम सभी की दिनचर्या में शामिल हो।

स्कूलों की दी जाएगी रैंकिंग

इसके अलावा उन्होंने कहा कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम के दौरान फिटनेस को लेकर स्कूलों की रैकिंग भी की जाएगी। जिसमें यह देखा जाएगा कि स्कूलों में छात्रों और टीचरों के बीच फिटनेस को कितना महत्व दिया जाता है जिस पर स्कूलों की रैंकिंग निर्भर करती है। रैंकिंग थ्री स्टार और फाइव स्टार रैंकिंग होगी। इस रैंकिंग को हासिल करने के लिए स्कूल फिट इंडिया लोगो और झंडे का भी उपयोग कर सकते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्कूल फिट इंडिया पोर्टल पर जाकर खुद को फिट घोषित कर सकते हैं। मैं सभी स्कूलों से अनुरोध करता हूं कि वो फिट इंडिया रैंकिंग में शामिल हों।